अंडरग्राउंड मेट्रो-3 का ट्रायल रन

मुख्यमंत्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने दिखाई हरी झंडी

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. बहुचर्चित मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन 3 की टेस्टिंग शुरू हो गई है. मंगलवार को मेट्रो 3 प्रोटोटाइप ट्रेन के ट्रायल रन को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आरे के सारिपुतनगर में हरी झंडी दिखाई. इस अवसर पर एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिड़े, मुंबई में जापान के डेप्युटी काउंसिल जनरल तोशीहीरो कानिकोजी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने अंदाज में पिछली सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कई इंफ्रा प्रोजेक्ट अटके हुए थे, पिछले 2 महीनों में सभी अड़चनें दूर कर दी गई हैं. उन्होंने कहा कि मुंबई में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सक्षम बनाने का उद्देश्य है. मेट्रो यातायात समस्या पर रामबाण उपाय है. सीएम शिंदे ने कहा कि हमारी सरकार को पीएम मोदी का आशीर्वाद है, इसलिए सभी विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा. नागपुर से शिरडी तक जल्द ही समृद्धि एक्सप्रेस वे खुल जाएगा.

2023 तक मेट्रो-3 होगी शुरू : देवेंद्र

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह मामला पर्यावरण की अपेक्षा राजनीतिक था. अब सभी अड़चने दूर हो गई हैं. मुंबईकरों के हित में निर्णय लिया गया है. उन्होंने कहा कि 2023 तक मेट्रो-3 का पहला चरण नागरिकों के लिए शुरू हो जाएगा. पूरी 35 किमी मेट्रो चलने पर सड़कों पर 7 लाख वाहन कम होने के साथ 2.50 लाख टन कॉर्बन भी कम होगा.

एमएमआरसी की एमडी अश्विनी दिखीं उत्साहित

मेट्रो-3 के इस पहले ट्रायल रन कार्यक्रम में एमएमआरसी की एमडी अश्विनी भिड़े के चेहरे पर उत्साह झलक रहा था. सीएम, डीसीएम ने भी अश्विनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि युति सरकार बनते ही सबसे पहले अश्विनी भिड़े के एमएमआरसी में लाया गया. उल्लेखनीय है कि आरे कारशेड विवाद के चलते उद्धव सरकार ने अश्विनी भिड़े का ट्रांसफर कर दिया था. सीएम शिंदे ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद हमने अश्विनी के लिए पहला आदेश निकाला, क्योंकि इनके जैसे समर्पित अधिकारी हैं जो सरकार का काम लोगों तक पहुंचाते हैं. अश्विनी भिड़े ने भी कहा कि अगले डेढ़ साल में पहला फेज नागरिकों के लिए शुरू कर देंगे. यह अक्वा लाइन थीम वाली मेट्रो दिसंबर 2023 तक आरे से बीकेसी तक चलने लगेगी. 1 ट्रेन आई है, बाकी 9 ट्रेन श्री सिटी में मेक इन इंडिया के तहत तैयार हो रही है.

मेट्रो-3 की विशेषताएं

- यह देश की सबसे लंबी 33.5 किमी लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन है.
- मेट्रो 3 ट्रायल रन आरे से मरोल तक 3 किमी के लिए शुरू.
- कोलाबा-बांद्रे-सीप्ज मुंबई मेट्रो-3 रूट का सारिपुतनगर से मरोल नाका तक अंडरग्राउंड ट्रैक पर ट्रेन का ट्रायल रन.
- 8 कोच वाली यह पहली मेट्रो होगी. 42-42 टन वजन के कोच जोड़े गए हैं.
- एक ट्रेन में 2400 यात्रियों को ढोने की क्षमता.
- परियोजना का की शुरुआत 2016 से.
- टनलिंग पूरी, स्टेशनों का निर्माण शुरू.
- प्रोजेक्ट कॉस्ट लगभ 34 हजार करोड़.
- पूरी तरह संचालित होने पर हर दिन 17 लाख यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी.